दिन– सोमवार | दिनांक– 16/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. भारत–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज शाम नई दिल्ली में शुरू होगा। एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी में बिहार की भी भागीदारी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

03. कटिहार जिले के कुर्सेला बाजार हाट में भीषण आग लगने से लगभग ढाई सौ दुकानें जलकर नष्ट। करोड़ो रुपये की संपत्ति का नुकसान।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को इकसठ रन से हराया। ईशान किशन बने मैन ऑंद द मैच।

---

भारत–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। कार्यक्रम में फ्रांस, ब्राजील, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, श्रीलंका और भूटान समेत बीस देशों के विश्व नेता शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पैंतालीस से अधिक देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी विचार–विमर्श में भाग लेंगे।

–––रिपोर्ट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। पांच दिन की इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ किया जा रहा है। प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित ढाई लाख से अधिक आगंतुकों के आने की संभावना है।

---

एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी में बिहार की भी भागीदारी होगी। सूचना और प्रावैधिकी विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिहार पेवेलियन का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। राज्य की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगी। सम्मेलन में देश–विदेश की एआई कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। साथ ही उन्हें बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के बारे में जानकारी दी जाएगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए सात लाख पचासी हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से पंद्रह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का केंद्रीय बजट भारत की विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। पटना में आयोजित समारोह में श्री कुमार कुल दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों में भेजेंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी और श्रवण कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय के साथ ही पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

---

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में आज विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। साथ ही इस पर सरकार का उत्तर होगा। वहीं, पहली पाली में प्रश्नोत्तर काल के दौरान सदस्यों के अल्पसूचित और तारांकित प्रश्न लिए जायेंगे।

---

बिहार भूमि पोर्टल के रख–रखाव का काम पूरा हो गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली ऑनलाइन सेवाएं फिर से बहाल हो गयी है। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित सेवा के लिए पोर्टल की कार्य क्षमता को सुदृढ़ किया गया है और डेटा सुरक्षा को भी मजबूत किया गया है।

---

प्रदेश में एक अप्रैल से उपभोक्ता संबंधित शिकायतों के निपटारे की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू हो जाएगी। खाद्य और उपभोक्ता विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालयों में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था होने से शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा हो सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि ई–जागृति पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध तरीका से समाधान किया जाएगा।

---

बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा कल से शुरू हो रही है।एक हजार छह सौ अधिक केंद्रों पर पंद्रह लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिये प्रत्येक जिले में चार मॉडल केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के साथ ही छात्राएं ही परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी।

---

राज्य में अब प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं होगा। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वर्ग एक से आठ तक के लिए केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर ही अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

---

शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार कानून के उल्लंघन के आरोप में तीन हजार छह सौ बहत्तर निजी विद्यालयों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इन विद्यालयों ने कानून के तहत शिक्षा विभाग के पोर्टल पर नामांकन क्षमता समेत अन्य आधारभूत संरचना का ब्योरा अपलोड नहीं किया है।

---

कटिहार जिले के कुर्सेला बाजार हाट में कल देर शाम लगी भीषण आग से लगभग ढाई सौ दुकानें जलकर नष्ट हो गयीं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अगलगी की घटना में करोड़ो रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

———रिपोर्ट———

दुर्गामंदिर के पास लगी आग से कुर्सेला बाजार हाट का अस्त्तिव लगभग समाप्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही दुकानदार अपने—अपने प्रतिष्ठानों से सामान निकालने में जुट गए। कई लोग अपनी दुकान बचाने के प्रयास में इधर—उधर भागते नजर आए, जबकि जिन दुकानों में आग की लपटे पहुंच चुकी थीं, वे बेबस होकर सबकुछ जलते देखते रहे। घटना स्थल पर चारों ओर चीख—पुकार, घने धुएं और आग की ऊंची लपटों का भयावह दृश्य बना रहा। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुयी है। प्रारंभिक जांच में रसोई गैस सिलेंडर को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

आईसीसी टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को इकसठ रन से हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

इधर, विश्वकप में आज तीन मुकाबले होंगे। दिल्ली में पहला मैच अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच सवेरे ग्यारह बजे से खेला जाएगा। कोलकाता में एक अन्य मुकाबले में, इंग्लैंड का सामना इटली से दोपहर बाद तीन बजे से होगा। श्रीलंका के पल्लेकल में ऑस्ट्रेलिया का सामना श्रीलंका से शाम सात बजे से खेला जाएगा।

---

जमुई में आयोजित माटी का बल— दंगल प्रतियोगिता में भोजपुर के चंदन पांडेय ने बिहार केसरी का खिताब जीता है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने वर्तमान बिहार केसरी शुभम कुमार को तीन—दो से पराजित किया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने उन्हें एक लाख रुपये का चेक और चांदी का गदा भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे कैमूर के शुभम कुमार को पचास हजार रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहे कैमूर के ही रूपेश कुमार सिंह को पच्चीस हजार रुपये की इनामी राशि प्रदान की गयी।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। नामांकन के लिए विश्वविद्यालय में कुल अठारह काउंटर बनाए गये हैं। सेंट्रल पैनल के सभी पदों के लिए अलग—अलग काउंटर की व्यवस्था की गयी है।

नामांकन की अंतिम तिथि अठारह फरवरी तक निर्धारित है। उन्नीस फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और इक्कीस फरवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। मतदान अट्ठाईस फरवरी को होगा।

---

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने नीट छात्रा की मौत के मामले की जांच तेज कर दी है। इस सिलसिले में जांच एजेंसी की टीम ने कल मृतक छात्रा के जहानाबाद स्थित पैतृक आवास पहुंचकर विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की। इस दौरान टीम ने छात्रा के माता–पिता और भाई के बयान भी दर्ज किये।

---

लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि औरंगाबाद जिले के पौराणिक धार्मिक स्थल उमगा में सभी आवश्यक पर्यटकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मदनपुर प्रखण्ड के उमगा में दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए श्री सुमन ने कहा कि यहां रोप वे का निर्माण भी किया जायेगा।

---

रोहतास जिले के नौहाट्टा प्रखंड के तिलोखर ग्राम में अमर शहीद विश्वनाथ सिंह कुशवाहा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

---

रोहतास जिले में बिक्रमगंज पुलिस ने अवैध रूप से शादी कराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक महिला समेत चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

---

पूर्णिया जिले के चंपानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वाहन से एक हजार लीटर से अधिक शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के घोघरडीहा थाना क्षेत्र के बसुआरी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर सत्तावन किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र के पीरथू गांव के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार

दो युवकों की मौत हो गयी। इधर, जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गयी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

टी–ट्वेंटी विश्वकप में भारत की पाकिस्तान पर जीत, आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – पाक को पटखनी देकर भारत सुपर–एट में।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – भारत ने पाकिस्तान को इकसठ रन से हराया, ईशान की फिफ्टी।

दैनिक जागरण लिखता है – पच्चीस लाख महिलाओं को आज दस–दस हजार रुपये।

प्रभात खबर ने लिखा है – कागजात ठीक नहीं तो, टोल प्लाजा पर कटेगा चालान।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – बांग्लादेश में नई सरकार के शपथ समारोह में ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने महाशिवरात्रि की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारत–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज शाम नई दिल्ली में शुरू होगा। एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी में बिहार की भी भागीदारी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

03. कटिहार जिले के कुर्सेला बाजार हाट में भीषण आग लगने से लगभग ढाई सौ दुकानें जलकर नष्ट। करोड़ो रुपये की संपत्ति का नुकसान।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को इकसठ रन से हराया। ईशान किशन बने मैन ऑंद द मैच।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।